दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 250 मुरादाबाद 04 January 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं शाह, कुछ गलत नहीं कहा; सत्यपाल मलिक ने दी अब सफाई



किसान आंदोलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के रवैये पर अमित शाह की ओर से सवाल उठाए जाने के अपने दावे पर सत्यपाल मलिक ने अब सफाई दी है। मेघालय के गवर्नर ने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि अमित शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी के लिए कुछ भी गलत कहा। अपने बयान को लेकर सफाई देते हुए सत्यपाल मलिक ने एनडीटीवी से बातचीत में कहा, शअमित शाह तो पीएम नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने उनके बारे में कुछ भी गलत नहीं कहा। उन्होंने यह जरूर कहा था कि कुछ लोग पीएम मोदी को मिसगाइड करते हैं। आप मिलते रहिए। एक दिन उन्हें बात समझ में आ जाएगी।श सत्यपाल मलिक ने कहा, शमैंने पीएम नरेंद्र मोदी से जब भी बात की तो उनका रवैया बहुत अड़ियल था। उन्होंने कहा कि आप अमित शाह से मिलो। पीएम नरेंद्र मोदी का अमित शाह बहुत सम्मान करते हैं। मैं जब अमित शाह से मिला तो उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने इन्हें मिसगाइड कर रखा है और एक न एक दिन वह जरूर समझेंगे।श अपने बयान के चलते अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच रिश्ते खराब होने के कयासों को लेकर सत्यपाल मलिक ने कहा कि दोनों लोगों के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का अमित शाह बहुत सम्मान करते हैं। सत्यपाल मलिक ने कहा कि भले ही केंद्र सरकार किसान आंदोलन के मामले में देर आई, लेकिन दुरूस्त आई। फिर भी यह फैसला पहले ले लिया जाता तो और बेहतर होता, इतने लोग मरने से बच जाते। इस बयान के बाद खुद के लिए मुश्किलें होने के सवाल पर सत्यपाल मलिक ने कहा, शपीएम नरेंद्र मोदी ने जिस टोन में इन कानूनों को वापस लिया, उससे समाज उनकी गुडविल बढ़ी है।श कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद की स्थिति पर सत्यपाल मलिक ने कहा कि लोगों का रवैया अब पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति बदला है। भाजपा के प्रति भी लोगों का रवैया नरम हुआ है। जो भी हुआ है बहुत अच्छा हो गया है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे- 9027776991

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर की हजार रुपए की धनराशि, बोले-पहले हजम हो जाता था रुपया




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संगठित और असंगठित क्षेत्र के डेढ़ करोड़ कामगारों को बड़ी राहत प्रदान की। लोकभवन में मुख्यमंत्री ने आज एक कार्यक्रम में श्रमिकों के बैंक खातों में भरण-पोषण भत्ते के रूप में हजार-हजार 1000 रूपये की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर की। श्रमिकों ने इसके लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा रखा था और वह इसका इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सात कामगारों को 1000 रूपये के चेक भी भेंट किए। लोक भवन के सभागार में आयोजित श्रमिकों के लिए भरण पोषण भत्ता वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले की सरकारों में मजदूर शोषण का शिकार होता था। आज को इनको सहायता राशि दी गई है, पहले उसका भी बंदरबांट होता था। पहले गरीबों का यही पैसा उन नेताओं के घरों में भरा जाता था, जिसे आज जेसीबी लगाकर नोटों की गड्डियों के रूप में निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तो लोग इसे स्वीकार भी कर रहे हैं क्योंकि चोर की दाढ़ी में तिनका है। 2017 से पहले श्रमिक शोषण का शिकार होता था, उसे शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता था। उसके पास न राशन कार्ड होता था, ना कोई ठिकाना होता था। किसी तरह मकान बन गया तो बिजली का कनेक्शन नहीं होता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर हमारी सरकार ने उनसे किया गया वादा निभाया है। मैं आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश के अपने संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। पहली बार श्रमिकों के बारे में चिंता करने वाली सरकार आई है। सरकार निरंतर आपके हितों को संरक्षण देने के लिए कार्य कर रही है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी और प्रदेश की भाजपा सरकार ने मजदूरों के हितों के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश में मजदूरों को पक्के आवास, शौचालय, मुफ्त रसोई गैस व बिजली कनेक्शन, दो लाख रूपये तक की सामाजिक सुरक्षा और पांच लाख रूपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मुहैया कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार संगठित तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के साथ उनके परिवार के लोगों को हर प्रकार की सहायता दे रही है। सरकार तो निर्माण श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए राज्य सरकार प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण करा रही है। कोशिश है कि नए सत्र से इन विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई शुरू कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों को भी इस योजना से जोडने का निर्देश दिया। यह कहते हुए कि सफाई कर्मचारी फ्रंटलाइन वर्कर हैं जिन्होंने कोरोना काल में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सराहनीय काम किया है। मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रम को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी, नगर विकास राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता, श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन सुरेश चंद्रा भी मौजूद थे।गौरतलब है कि सरकार ने कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर मजदूरों को दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक हर महीने 500 रूपये की धनराशि भरण पोषण भत्ते के रूप में देने की घोषणा की है। यह रकम 1000-1000 रूपये की दो किस्तों में दी जा रही है। इसी कड़ी में आज पहले चरण में डेढ़ करोड़ मजदूरों के बैंक खातों में 1000 रूपये की पहली किस्त भेजी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जैसे-जैसे और पंजीकृत मजदूरों के बैंक खातों का सत्यापन होता जाएगा, उनके खातों में भी यह रकम भेजी जाएगी।प्रदेश में कुल पंजीकृत कामगारों की संख्या 50908745 करोड़ (पांच करोड़ 90 लाख आठ हजार 745) है। इसमें से ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों की संख्या 38160725 और बीओसी डब्लू बोर्ड के अंतर्गत कुल पंजीकृत कामगारों की संख्या 12748020 है। इनमें से पहले चरण में डेढ़ करोड़ कामगारों के खाते में भरण पोषण भत्ता भेजा गया। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पहले भी श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालकों, कुलियों, पल्लेदारों आदि को भरण पोषण भत्ता ऑनलाइन उपलब्ध कराया है। उत्तर प्रदेश को देश का पहला राज्य बनाने का काम किया था। जिसके बाद कई राज्यों ने भी योगी आदित्यनाथ सरकार की व्यवस्था को लागू किया।

# निर्वाचन के सम्बंध में बैठक आयोजित

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ -अर्हता दिनांक 01-01-2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु सांसद, विधायकगण व समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की मौजूदगी में बैठक सोमवार को अटल बिहारी बाजपेई कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।आयोग द्वारा निर्धारित उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण अवधि में प्राप्त समस्त दावे/आपत्तियों का निस्तारण किया जा चुका है तथा अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05-01-2022 हेतु निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण की कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार 05-01-2022 को अन्तिम प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की



एक-एक प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जायेगी। डीईओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद में कुल 2385897 मतदाता हो चुके हैं। वर्तमान पुनरीक्षण अवधि के दौरान जेण्डर रेशियो में 11 अंक की वृद्धि के उपरान्त बढ़कर 862 हो गया है, जोकि जनपद के जनगणना जेण्डर रेशियो 859 से 02 अंक अधिक है। इसी प्रकार जनपद का अनुमानित जनसंख्या के सापेक्ष मतदाताओं का अनुपात 52.19 प्रतिशत से बढ़कर 53.76 प्रतिशत हो गया है। आलेख्य प्रकाशन दिनांक 01-11-2021 को 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या- 14388 थी जोकि अन्तिम प्रकाशित हेतु प्रस्तावित निर्वाचक नामावली में बढ़कर 45497 हो गई है इस प्रकार 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं में 31109 की वृद्धि हुई है। आलेख्य प्रकाशन दिनांक 01-11-2021 को 80 से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या-23071 थी, तथा वर्तमान निर्वाचक नामावली में 80 के अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या-22147 है। इस प्रकार 80 से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या में 924 की कमी हुई है। गत अन्तिम प्रकाशन दिनांक 15-1-2021 के उपरान्त निरन्तर पुनरीक्षण अवधि एवं अर्हता दिनांक 1-1-2022 के आधार पर सम्पन्न हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में मतदाता सूची के ईआरओ नेट साफ्टवेयर से जनपद में कुल 30494 पीएसई (फोटो सिमिलर इन्ट्रीज) पाई गई थीं, अर्थात 30494 इन्ट्री के फोटो एक समान होने के आधार पर संभावित डुप्लीकेट पाये गये थे जिनकी बीएलओ द्वारा जांच एवं सत्यापन के उपरान्त 13359 डुप्लीकेट एन्ट्री पाई गई जिनको नामावली से अपमार्जित किया गया है।दिव्यांग कल्याण विभाग से प्राप्त डाटा के अनुसार दिव्यांग पेन्शनर्स की संख्या ग्रामीण में 14837 व शहरी में 3667 कुल 18504 है। उक्त पेंशनर्स की सूची के अनुसार 2121 अधिक मतदाताओं की टैगिंग निर्वाचक नामावलियों में की जा चुकी है।

# ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण आज

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा ने अवगत कराया है कि आयुक्त महोदय खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के पत्र द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत अन्त्योदय एंव पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के मध्य, माह दिसम्बर 2021 के सापेक्ष आवश्यक वस्तुओं के वितरण की अवधि को विस्तारित करते हुये, निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की तिथि दिनांक 04-01-2022 (01 दिवस) निर्धारित की गयी है। इस अवधि में ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। जनपद के ऐसे समस्त पी0एच0एच0 एंव अन्त्योदय कार्डधारकों जिनके द्वारा दिनांक 03-01-2022 तक निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया गया है, वह अपने उचितदर विक्रेता से दिनांक 04-01-2022 को 03 किलोग्राम गेहूँ एंव 02 किलोग्राम चावल प्रति यूनिट की दर से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# डीएम ने किया लांटिंग प्रोग्राम के साथ ट्री प्लांटिंग प्रोग्राम का शुभारंभ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड जगत के ग्राम आम गांव के कम्पोजिट विद्यालय से सोमवार को जिलाधिकारी दीपा रंजन ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उदित नारायण सेंगर, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानकी प्रभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर प्रवेश कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता शर्मा प्लांटिंग प्रोग्राम के साथ ट्री प्लांटिंग प्रोग्राम का मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसी के साथ जनपद के 2731 बूथों पर एकसाथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम ने यहां प्रथम बार बने मतदाताओं के साथ पौधारोपण किया एवं मतदाताओं को सम्मानित भी किया। डीएम ने यहां 10 बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया चयनित इन बच्चों ने यूनिसेफ द्वारा प्रदेश स्तर



पर कराई गई एक पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जहां प्रदेश के 50 बच्चों का चयन किया गया था जिसमें से इस विद्यालय के 6 बच्चो का भी चयन हुआ था। डीएम ने आमगांव के कंपोजिट विद्यालय को देखकर प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि वाकई यह विद्यालय को बहुत सुंदर व्यवस्थित किया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका संगीता शर्मा ने अवगत कराया कि इसी विद्यालय की एक छात्रा शिवानी साहू जिसने इसी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था उसकी पेंटिंग को यूनिसेफ द्वारा

www.knlslive.com

अंतर्राष्ट्रीय मैगजीन में छापा जाएगा। डीएम ने ग्रामीणों के समक्ष अपनी मंशा जाहिर करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण आगामी विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। किस प्रकार ग्रामीण ग्राम प्रधान को चुनने में अपनी भागीदारी निभाते हैं उसी प्रकार अन्य चुनावों में भी अपनी भागीदारी निभाएं। प्रथम बार मतदाता बनने वाले सभी व्यक्तियों को बहुत बधाई एवं सभी मतदाता चुनाव के दिन मतदान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाए।आज जिन नए मतदाताओं ने पौधारोपण किया है वह अपने द्वारा लगाए गए वृक्षों को भलीभांति पहचान लें और मतदान के दिन उन वृक्षों को अवश्य देखें। ताकि आपके द्वारा लगाए वृक्षों की हरियाली से खुशहाली आए। गांव के बहुत सारे काम ऐसे होते हैं जिन्हें ग्राम प्रधान नहीं बल्कि विधायक और सांसद कराते हैं इसलिए गांव के विकास के लिए विधानसभा चुनाव में भी उसी उत्साह के साथ वोट डालने पहुंचे। विधानसभा में जाकर आपकी समस्याओं को विधायक ही उठाएंगे इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। आज ही शपथ लें कि चाहे चुनाव के दिन कितना भी समय क्यों ना लगे वोट डालकर ही जाएंगे। घर की महिलाएं सुबह जल्दी खाना बनाएं वोट डालने के लिए निकल जाए। सबको वोट डालने निकलने के लिए घर की महिलाओं को पहले स्वयं निकलना होगा। और सब को लेकर आएं।सभी लोग इस बात का ध्यान रखें कि मास्क अवश्य लगाएं और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जरूर करें। इस बार चुनाव आयोग 80 साल से अधिक आयु के व दिव्यांगजन मतदाताओं को घर से ही वोट डालने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। लेकिन उससे पूर्व बीएलओ को हां और ना लिखकर फार्म भरकर देना होगा कि घर पर वोट डालना है। गांव में शांति का माहौल बनाकर रखें मतदान के लिए सभी लोग एक दूसरे को जागरूक करते रहे। कार्यक्रम का संचालन सरवर अली ने किया।

# अफीम फसल की बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - जिलाधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओपी सिंह सहित एसपी सिटी प्रवीण सिंह चौहान, एसपी आरए सिद्वार्थ वर्मा, अतिरिक्त जिला अफीम अधिकारी बरेली की मौजूदगी में अफीम फसल वर्ष 2021-22 के संबन्ध में बैठक आयोजित की गई। जिला अफीम अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जनपद की चार तहसीलो मे कुल 159 गांवो में 795 लाइसेंस अफीम खेती के लिए जारी दिये है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अफीम खेती का रकवा नापने वाली टीम के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी लगाये जाये ताकि रकवा नापने मे किसी तरह की खामी की सम्भावना न रहे। एसएसपी ने निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारियो के साथ अफीम विभाग के अधिकारी बेहतर ताल मेल स्थापित कर तथा नया सूचना तंत्र विकसित कर तस्करी पर पूर्ण अंकुश लगाया जाये तथा तस्करी करने वाले के ओरिजिन बिन्दु पर पहुंचा जाये और तस्करों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करते हुए अड्डो को समूल नष्ट करें।

# 13 जनवरी तक कर सकते हैं आवेदन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाह हसन जैदी ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं यथा निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं निवेश, वायोफ्लाक पाण्ड, रियरिंग यूनिट, लघु मध्यम एवं वृहद आर0ए0एस0/ वायोफ्लाक, मध्यम तथा वृहद फिश फीड मिल, साईकिल, मोटर साईकिल एवं श्रीव्हील विद आईस वाक्स तथा क्योस्क हेतु विभागीय ऑनलाइन पोर्टल एफवाईएमआईएस डॉट यूपीएसडीसी डॉट जीओवी डॉट इन पर परियोजना प्रस्ताव सहित 13 जनवरी 2022 तक आवेदन किया जा सकता है। परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ सलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टलएफवाईएमआईएस डॉट यूपीएसडीसी डॉट जीओवी डॉट इन एवं विभागीय बेवसाइट फिशरीज़ डॉट यूपीएसडीसी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। अनुमन्य है। अधिक जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय विकास भवन, बदायूँ कमरा नं० 325 अथवा मोबाइल नं0 9149006816 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

## आपके लिए आवारा लेकिन कुशांक बना इनका सेवक




मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- गली मोहल्लों में आवारा जानवर घूमते हुए मिल जाएंगे इनमें कुत्ते और बंदर अक्सर लोगों को काट भी लिया करते हैं और इसी के चलते लोग इनसे दूर रहना पसंद करते हैं और इन्हें कोई खूंखार तो कोई कष्ट ना कहकर संबोधित करता है लेकिन मुरादाबाद के रामगंगा विहार के सिद्धबली स्पोर्ट्स के संचालक कुशांक गुप्ता के लिए यह आवारा नहीं है बल्कि जन सेवा का मार्ग है क्योंकि ईश्वर नहीं बे जुबान की सेवा करने का दायित्व कहीं ना कहीं मनुष्य को ही सौंपा है यह अलग बात है कि कुछ लोग इससे अलग रहते हैं फिलहाल कुशांक की जिंदगी का अब बेजुबानो की सेवा करना भी मकसद है, इसीलिए उन्होंने अपने घर पर ही इनके लिए ठंड से बचने के लिए अस्थाई घर का निर्माण भी किया है इतना ही नहीं उन्हें रास्ते में कहीं कोई बेजुबान जख्मी हाल में मिल जाए तो वह इलाज करना और कराना अपना पहला कर्तव्य समझते जबकि मरे हुए कुत्ते बिल्ली को देखकर ठहर जाते हैं और फिर दफन करने के बाद आगे को बढ़ते हैं। पूछने पर कहते हैं लोगों को इन बेजुबानों की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए।

## टेबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- 06 जनवरी को तीर्थाकर महावीर विश्वविद्यालय में टेबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कुलाधिपति सुरेश जैन, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, वाइस चौयरमैन मनीष जैन, नगर मजिस्ट्रेट एमपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं टीएमयू प्रशासन उपस्थित रहा।

# अफजल साबरी की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों मे संविधान की प्रस्तवना में समाजवाद धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द को शामिल करने की 44 वीं सालगिरह के अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व,इंदिरा गाँधी जी को याद किया किया इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद में भी आज दिनांक 03 जनवरी 2022 को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गंज गुरहट्टी पर जिला कांग्रेस कमेटी कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया संचालन महानगर चेयरमैन सबदर नियाजी ने किया विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की उनके लिए गए फैसलों को अटूट बताया सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व




प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी विचार गोष्ठी समाप्त होने के बाद प्रेस वार्ता की गई कार्यक्रमों में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि 03 जनवरी का दिन लोकतांत्रिक भारत का बड़ा ही महत्वपूर्ण दिवस इसलिए है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी ने भारत के संविधान में 42 वां संसोधन करके संविधान की प्रस्तवना में समाजवाद धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द को शामिल किया था देश के संविधान की यह प्रस्तवना भेदभाव को मिटाकर देश के सभी वर्गो को समानता का अधिकार देती है इंदिरा ग़ांधी जी ने 03 जनवरी 1977 को इस 42 वें संसोधन को संविधान की प्रस्तवना में शामिल कर लागू किया गया था इस लिए यह दिन अल्पसंख्यक समुदाय के लिए किसी पर्व से कम नहीं है और यह इंदिरा गांधी जी जैसी साहसी प्रधानमंत्री के रहते ही मुमकिन हुआ इंदिरा ग़ांधी जी ने अपने प्रधानमंत्री काल मे अनेकों ऐसे साहसी कार्य किये जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता इंदिरा गांधी जी भारत के पाँच राज्यों राजस्थान में बरकतउल्ला खान बिहार में अब्दुल गफूर अहमद महाराष्ट्र में अब्दुल रहमान अंतुले असम में सैय्यद अनवारा तैमूर पांडेचेरी में हसन फारूख सहित पांच मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाये वह ऐसी सशक्त महिला प्रधानमंत्री थी जिनके बुलंद हौसले के आगे सारी दुनिया नतमस्तक थी देश की पहली और एकमात्र आज महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आम जनता के बीच इस कदर लोकप्रिय थीं जिसकी कोई सीमा ना थी.इंदिरा गांधी जी ही भारत कि वो नेता थीं जिसने असल मायनों में "गरीबी हटाओ" के नारे को सार्थक किया था इन जैसे अनेकों कारनामों के कारण ही इंदिरा गांधी जी को आयरन लेडी कहा गया आज सत्ता में बैठे लोग भारत के संविधान की प्रस्तवना को बदलने का प्रयास कर रहें है जो कांग्रेस व श्रीमती सोनिया गांधी जी राहुल गांधी जी व प्रियंका गांधी जी के रहते असम्भव है बीजेपी की इस ओछी मानसकिता को कांग्रेस ने पूरी तरह उजागर कर दिया है भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हमेशा रहेगा आज इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी जिला अध्यक्ष असलम खुर्शीद महानगर चेयरमैन सबदर नियाजी गैयुर अंसारी मोहतिशीम मुख्तार शहजाद खान शरबत हुसैन राजेंद्र बाल्मीकि इरशाद हुसैन नवाब कुरैशी अमीर मलिक सरफराज अंसारी असलम हुसैन कादरी अरशद हुसैन शकील सकलेनी मजहर खान भारती परवेज इस्लाम रईस खा बनने पहलवान आदि मौजूद रहे

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Gold against dollar




**The global dominance of the dollar is in danger. Central banks of different countries have started depositing gold. As a result, the value of the US dollar has declined sharply against gold. Significantly, until ten years ago, the trend was to accumulate more and more dollars in its foreign exchange reserves.**

This news is worrying for America that the central banks of countries around the world are increasing the amount of gold in their reserves. As a result of the increased urge to deposit gold, the US dollar has declined sharply in comparison to gold. It is worth noting the fact that till ten years ago the trend was to accumulate more and more dollars in its foreign exchange reserves.Then gold was mainly bought by the central banks of Russia and some such countries, which wanted to reduce their dependence on the dollar due to conflict with America. But now this has reversed. Now gold is being bought because various countries want to protect themselves from possible volatility in the money market.Money market experts have pointed out that central banks started increasing their gold reserves in 2009. Due to the economic downturn of 2008, the thinking of central banks changed. This recession started in America itself. Meanwhile, keeping the dollar in the foreign exchange reserves has become a loss deal in comparison to gold.The currency-to-currency ratio of the dollar fell to a 25-year low in 2020. Until 1971, the monetary system of the world operated on the gold standard. But then US President Richard Nixon ended the dollar's relationship with gold. But its effect was that the availability of dollars in the world money market started increasing rapidly.When this availability increased significantly, then its price started decreasing. Today, the dollar has fallen by only 20 percent compared to 1971. That is why this currency is no longer as attractive to central banks as before. So the focus of central banks has turned to gold again. In 2021, the amount of gold held by him reached a 31-year high.According to the World Gold Council, central banks of various countries deposited 4,500 tonnes more gold in their reserves in 2021. Till last September, all central banks had more than 36,000 tonnes of gold. This is the highest volume since 1990. The worrying news for the US is that a major reason for its global dominance is dollar dominance. It seems to be breaking now.

# Anupamaa: These actors rejected the character of 'Anuj Kapadia', then the fate of Gaurav Khanna shone




Serial Anupama has been a favorite of the audience ever since it went on air. Talking about the story of the show, Anupama has become a favorite of women after getting divorced from her husband Vanraj. At the same time, Anuj Kapadia, the love of college has entered his life. Gaurav Khanna has become a national crush in the role of Anuj Kapadia.But let us tell you that Anuj was not the first choice for this role. Many actors turned down this role, after which Gaurav Khanna's luck shone.These actors had turned down Anuj's character – Arhaan Behl was also being told the choice of the makers to play Anuj. However, Arhaan, who became famous for his role of Krishna in Mann Ki Awaaz, had refused this role. The reason behind this was told that the actors are busy with other projects.Gurmeet Chaudhary - According to the report of Telly Chakkar, the role of Anuj was first offered to Gurmeet Chaudhary. But Gautam refused the role saying that he is unable to relate himself with this role.Gautam Gulati- Makers had also approached Bigg Boss 8 winner Gautam Gulati to play this character. However, Gautam refused to become this Anuj by saying that he does not want to play the second lead in the serial.Karan Patel- Karan Patel is one of the most popular actors in the TV industry. According to media reports, Karan Patel refused Anuj Kapadia's role in Anupama due to 'personal commitment'.Then Chamki Gaurav Khanna's Kismat- Gaurav Khanna was also approached by the makers to play the character of Anuj Kapadia. The actor agreed to play this character without delay. Gaurav always wanted to be a part of a show which is popular among the audience. In this way, Gaurav Khanna became a national crush on seeing it.

# Ekta Kapoor Corona positive, had a party with these celebs on the new year?

TV queen Ekta Kapoor's corona test is positive. He has given this information to the people by posting on his Instagram. Till now there has been news of many syllabus being Kovid positive. Some of them have been cured while some are in isolation. Ekta Kapoor has written in the post that she is fine and has advised people who came in her touch to get testedThe teaser of Ekta Kapoor's popular show Naagin has been released, meanwhile this news has put her fans in a bit of tension. Although Ekta has told that she is absolutely fine.Ekta wrote, all the precautions. I am fine and request all those who have come in contact with me to get their checkup




done.Had a party with Neelam Kothari? - Ekta Kapoor shared a new year picture with Hrithik Roshan's wife Sussanne Khan and Arslan Goni. At the same time, there are photos of Neelam Kothari, producer Shabina and Pooja Sippy on her Instagram. Neelam Kothari has also shared these pictures and some video clips. It is believed that Ekta celebrated the new year with these friends.

## ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा – ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत बॉश कम्पनी द्वारा चलाये जा रहे ब्रिज प्रोग्राम में प्रशिक्षरार्थियों को टूल किट वितरित की गई, कार्यक्रम की मुख्त अतिथि एटा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीरा गांधी ने टूल किट वितरित की, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से युवा वर्ग अपना स्वरोजगार स्थापित तथा नौकरी करके अपना भविष्य सवार सकता है, इस अवसर पर बॉश द्वारा अधिकृत ट्रेनर ,एटा ट्रेनिग इंस्टीट्यूट, की इंचार्ज निशा खान ने बताया कि तीन माह तक चलने स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का मक़सद युवा वर्ग को वयवसाय , मार्केटिंग आदि की जानकारी देकर उनका प्लेसमेंट कराया जाता है, जो देश भर में बॉश कम्पनी द्वारा संचालित ब्रिज सेंटर ट्रेनिंग देकर कार्यक्रम चला रहे हैं, इस अवसर पर सन्स्थान द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, इस अवसर पर मुस्कान सेफी, निगहत सेफी, हिना कौसर, रूक्य्या, खुशबू , शुमायला, रंजीत यादव, अंशुमान सोलंकी, मोहम्मद उमेर, अभिषेक मिश्रा, नाहिद, शीतल जादोंन, शेफ़ाली, मुस्कान कुरेशी, सहित तमाम छात्र- छात्राएं मौजूद थीं

WWW.KNLSIVE.COM

## दिल्ली से चोरी कर लाए हुए आयशर केंटर तथा उसमें भरे सेनेटरी के सामान सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अलीगंज राजकुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को दिल्ली से चोरी किए हुए माल व आयशर केंटर (कीमत करीब 25 लाख) सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। घटनाक्रमानुसार गत रविवार को थाना जसरथपुर पुलिस को चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति आयशर केन्टर नं0 क्स01रु b3591 को नगला जई के पास रोड के किनारे खड़ा किया हुआ है जिसमें माल भरा हुआ है। जिसे वह चोरी की नीयत से बेचने की फिराक में है। उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा सड़क के किनारे ग्राम नगला जई से एक अभियुक्त विकास पुत्र दलवीर सिंह निवासी नगला जई थाना जसरथपुर एटा को एक आयशर केन्टर व सेनेटरी के सामान (कीमत करीब द25 लाख) के साथ समय करीब 21.05 बजे गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह ट्रक कैंटर का चालक है तथा उसके मालिक कुनाल बुद्दिराजा निवासी राजेंद्र जैना टावर वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया दिल्ली में ट्रांसपोर्ट का काम है तथा इसमें भरा हुआ सेनेटरी का माल उन्हीं का है, जिसे वह दिल्ली से हरियाणा और पंजाब में देने के लिए निकला था किंतु रास्ते में उसकी नीयत खराब हो गई और इस ट्रक का जीपीएस सिस्टम काटकर ट्रक को अपने गांव नगला जई जनपद एटा ले आया तथा अब ट्रक में भरे माल को इधर-उधर बेचने की फिराक में था। इसके उपरांत कैंटर मालिक से मोबाइल द्वारा बात की गई तो उसने अपना नाम तथा पता उपरोक्त बताया और कहा कि उसका संचित ट्रांसपोर्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ट्रांसपोर्ट का काम है तथा यह ट्रक चालक दिनांक 31.12.2021 को कैंटर में सेनेटरी का सामान कीमत करीब 10 लाख रूपए भरकर पंजाब व हरियाणा में सामान पहुंचाने हेतु भेजा था। ट्रक चालक जीपीएस काटकर माल को कहीं अन्यत्र ले गया जीपीएस कटने से गाड़ी का सही लोकेशन पता न चलने तथा माल भेजे हुए स्थान पर ना पहुंचने की स्थिति में वह समझ गए कि चालक ने चोरी की नीयत से आयशर कैंटर (कीमत करीब 15 लाख) तथा माल (करीब 10 लाख) गायब कर दिया है इसलिए उन्होंने दिनांक 02.01. 2022 को थाना अशोक विहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली में मुअसं- 105/2022 धारा 379 भादंवि दर्ज कराया था। इस संबंध में थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरूद्व थाना जसरथपुर पर मुअसं- 03/2022 धारा 411 भादंवि पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

## 2टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाने में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दो टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया गया, पहला मामला ग्राम चदरई जिला धमधा बिहार का है जहां की रहने वाली सीता पुत्री सुरेशचन्द्र की शादी संजय वार्ष्णेय पुत्र स्व0 बनवारी लाल निवासी मो0- गली बौहरान कस्बा व थाना जलेसर जिला एटा के साथ 03 वर्ष पहले हुई थी, दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, आज दोनो पक्षों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया। उपनिरीक्षक के पद पर तैनात कृष्ण कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र हाल निवासी थाना रिजोर जनपद एटा के साथ 06 वर्ष पहले हुई थी, दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, आज दोनो पक्षों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती नन्दनी सिंह, म0है0का0 मन्जू अग्रवाल व मिथलेश कुमारी , काउंसलर सचेन्द्र गुप्ता, डॉक्टर निरूपमा वर्मा के अलावा महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा

## प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मध्य गठबंधन को लेकर हुई वार्ता



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा – जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शराफत हुसैन काले वा पदाधिकारियों का किया जोरदार स्वागत प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शराफत हुसैन काले ने चारों विधानसभा जिताने का दिलाया भरोसा

WWW.KNLSLIVE.COM

## चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा -आगरा। थाना एत्माउद्दौला के राकेश नगर में युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँच गई। मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात को पुलिस कन्ट्रोल नंबर पर सूचना मिली कि राकेश नगर में कुछ युवकों में झगड़ा हो रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई। घटनास्थल की स्थिति को देखकर अधिकारियों को अवगत कराया गया। मौके पर एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। रोड पर खून बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना पर सीओ छत्ता दीक्षा सिंह इंस्पेक्टर एत्माउद्दौला देवेंद्र शंकर पांडेय मौके पर पहुँच गए। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय धर्मवीर उर्फ बाबू वांटेड पुत्र स्वामी के रूप में हुई। मृतक के शव पर करीब 4 चाकुओं से गोदने के निशान है। जानकारी मिलते ही मौके पर फील्ड यूनिट मौके पर पहुँच गई।

## डिफेंस कॉरिडोररूसब्सिडी की राशि जमा नहीं तो आवंटन होंगे रद्द




शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ – डिफेंस इंडस्ट्रीज कारिडोर के अलीगढ़ नोड में फैक्ट्री स्थापित होने से पहले ही निवेशकों के लिए दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। इनके प्लॉटों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने सब्सिडी राशि जमा करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए उद्यमियों को नोटिस जारी किए गए हैं। शेष राशि निवेशकों को जल्द जमा करनी होगी। इसके नोटिस निवेशकों को दे दिए गए है और ऐसा न करने पर कार्रवाई जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शा. उ. मा. माध्यमिक विद्यालय गिरवारगंज में हुआ आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिले में खेल से संबंधित गतिविधि जिले के गौरव बढ़ाने वाली बालिकाओं के माध्यम से दिया जा रहा आत्मरक्षा प्रशिक्षण जिसका आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवारगंज में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि जिन बालक बालिकाओं के द्वारा 27 वां राष्ट्रीय थंगता प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर में पदक जीते थे उन्हीं के माध्यम से सेल्फ डिफेंस आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रमुख आत्मरक्षा कोच डॉली कुजूर, निकिता यादव, रितिका, सारिका के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है एवं सिहान वरूण पांडे, युवध सिंह, गोरख राजवाड़े, विशाल विश्वकर्मा, अमर, परबतिया राजवाड़े, श्वेत का मार्गदर्शन निरंतर मिल रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से ही स्कूली छात्रों में से बच्चों को नेशनल एवं इंटरनेशनल खेलों के लिए तैयार किया जाएगा व प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# बसदेई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व रासेयो द्वारा वैक्सीनेशन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


सूरजपुर- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसदेई मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बसदेई द्वारा वैक्सीनेशन का आयोजन रखा गया जिसमें शासन प्रशासन के निर्देश पर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन पर आज निर्धारित दिनांक को यह कार्यक्रम रखा गया था इसमें समस्त 15 से 18 वर्ष के छात्र छात्राओं को वैक्सीनेशन लगाया गया साथ ही कोरोना के संक्रमण को रोकने हेतु मास्क का अनिवार्य उपयोग टीकाकरण लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित रासेयो के स्वयंसेवक ब्लू ब्रिगेड द्वारा पूर्ण रूप से आवश्यक सहयोग पहुंचा कर इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भागीदारी सहभागिता




निभाया के साथ मुख्य रूप से डॉ मीना सोनी, रामचंद्र प्रसाद सोनी प्राचार्य, अजय प्रताप सिंह,राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी, राम सिंह राठौर,नंदकिशोर साहू, सच्चिदानंद कुशवाहा ,राजकुमारी, अनिल कुशवाहा, चंद्रिका, प्रकाश, नीलिमा कुशवाहा, गायत्री सोनी, विनोद कुमार सोनी, विजेंद्र कुमार उपाध्याय, राम प्रकाश त्रिपाठी, अनीता त्रिपाठी, वीणा प्रसाद, रिजवाना परवीन, लीना खलखो, रूपनारायण गुप्ता, दिनेश सोनी, सद्दाम हुसैन, राष्ट्रीय सेवा योजना के ब्लू ब्रिगेड प्रियंका राजवाड़े, रानी राजवाड़े, स्वाति चौधरी, ज्योति राजवाड़े, ट्विंकल राजवाड़े, बबीता सारथी ,दुर्गावती राजवाड़े,ने अपना अहम भूमिका निभाकर वैक्सीनेशन के कार्य को सफल बनाने हेतु अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

www.knlslive.com

# जिले में प्रारंभ हुआ बच्चों को कोरोना टीकाकरण,हाई स्कूल महुली में लगा 17 बच्चों को कोविड़-19 टीका



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉम के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 15 से 18 वर्ष के समस्त बच्चों को कोरोना का टीकारकण करने हेतु लक्ष्य रखा गया है। जिसमें हाई स्कूल महुली में आज 17 बच्चों को लगाया गया कोविड-19 टीका स्वास्थ्य कार्यकर्ता शैलेंद्र अग्रहरी ने दिया जानकारी जो बताया कि मोहाली हाई स्कूल में 17 बच्चों को लगाया गया कोविड-19 के टीका जो कि 03 जनवरी से जिले में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य विभाग के सहयोग से टीकाकरण प्रारंभ कर दी गई है। खास कर वह विद्यार्थी जो स्कूलों में 09 वीं से 12 वीं तक के अध्ययनतर छात्र, छात्राओं को टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में निर्धारित लक्ष्य 49742 बच्चों को टीकाकृत किया जावेगा। बच्चों का आधार कार्ड स्कूलों से प्राप्त कर पढ़ने वाले बच्चों को टीका लगाया जा रहा है यदि किसी कारण से बच्चों के द्वारा परिचय पत्र नहीं लाया जाता है तो स्कूल रिकार्ड का उपयोग टीकाकरण करने हेतु जिला कलेक्टर, डॉ. गौरव कुमार सिंह, द्वारा निर्देशित के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि बच्चों को जल्द से जल्द टीका लगाकर कोरोना के नये वेरियंट से सुरक्षित रखा जा सकता है। बच्चों को टीकाकृत करने के लिए 83 सेंशन साईट बनाए गए है। जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अजय मरकाम ने बताया है कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के हितग्राहियों के लिए केवल को-वैक्सीन टीके का विकल्प रहेगा। टीकाकरण के लिए शहरी क्षेत्र के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है।

www.knlslive.com

# नवोदय के विद्यार्थियों को आने से पूर्व अभिभावक देना होगा शपथ पत्र

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जवाहर विद्यालय समिति, मुख्यालय नोएडा के दिशा निर्देश के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत् कक्षा 6वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भौतिक रूप से विद्यालय खोले जाने का निर्णय निम्नलिखित शर्तों के आधार पर लिया गया है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने माता-पिता की स्वीकृति कि वे विद्यालय भेजने को तैयार है तथा कोविड-19 आदि बीमारी होने पर वह तुरंत विद्यालय मे अपना सहयोग प्रदान करेंगे तथा जो भी विद्यालय प्रशासन का निर्णय होगा उसे अभिभावक को मान्य होगा। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के लिए भौतिक रूप से खुल गया है। विद्यार्थी को कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अंतर्गत विद्यालय प्रशासन, सदन प्रभारी, कक्षा अध्यापक एवं अन्य स्टाफ द्वारा समय-समय पर दिए गए समस्त गाइडलाइन एवं दिशा निर्देशों को फॉलो तथा मास्क लगाना, हाथ धोना तथा सामाजिक दूरी बनाए रखना अनिवार्य व सदन के अंदर बाहर साफ-सफाई को समय-समय पर सुनिश्चित होगा कोई भी सामूहिक रूप से एक जगह उपस्थित होकर के कोई कार्यक्रम संपन्न नहीं होगा। विद्यालय परिसर को छोड़कर कोई भी विद्यार्थी बिना अपने अभिभावक, स्कार्ट टीचर के बाहर नहीं जाएगा। प्रतिदिन अपनी टेंपरेचर की जांच करवानी आवश्यक होगी। यदि बुखार, खांसी, जुकाम या अन्य कोई परेशानी होती है तो तत्काल चिकित्सा लेनी होगी और अभिभावक को सूचित करना होगा। अनावश्यक कोई भी विद्यार्थी इधर-उधर नहीं घूमेगा तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल स्टाफ नर्स तथा अपने हाउस मास्टर को बताएगा। कक्षा में समय से उपस्थित हो जाएगा तथा पठन-पाठन में गंभीरता से भाग लेगा। मॉर्निंग पी.टी. तथा सायं कालीन खेलकूद सामाजिक दूरी को बनाए रखते हुए करना आवश्यक होगा। दार्थ स्वीकार होंगे जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होंगे तथा किसी भी प्रकार के संक्रमण व बीमारी को पैदा नहीं करेंगे जैसे उदाहरण के लिए कच्चा चना, गाय, भैंस का देसी घी, सूखा मेवा, ताजा फल आदि किसी परिस्थिति में दिया जा सकता है। अभिभावक आपने पाल्य, पाल्या से मिलने महीने के प्रथम रविवार को ही आयेंगे। पाल्य अपने अभिभावक शिक्षक बैठक समिति के नियमों का पालन करेंगे। अभिभावक शिक्षक परिषद की बैठक में चयनित अभिभावक प्रतिनिधि के द्वारा सारी जानकारी प्रतिमाह करने दिशा निर्देश जारी किया गया हैं।

## जिला पंचायत सदस्य के लिए सात अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पंचायत उप निर्वाचन 2021 के अंतर्गत जिला सूरजपुर के क्षेत्र क्रमांक 5 ओड़गी जिला पंचायत सदस्य के एक पद रिक्त हेतु नाम निर्देशन के सात आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनपद पंचायत प्रतापपुर के क्षेत्र क्रमांक 10 जनपद पंचायत सदस्य के 1 रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन के दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले में सरपंच के रिक्त 4 पदों के विरूद्ध ग्राम पंचायत कुम्दा में चार आवेदन, ग्राम पंचायत माटीडांड में चार आवेदन प्राप्त हुए तथा ग्राम पंचायत सुमेरपुर व पारसपारा में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। गौरतलब है कि अभ्यर्थीयों से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 जनवरी अपराह्न 3:00 बजे तक है

# केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भी कोरोना संक्रमित, गाजियाबाद के अस्पताल में हुए भर्ती



दिल्ली-एनसीआर से लेकर यूपी तक कोरोना का कहर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें गाजियाबाद में कौशांबी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चंदौली से सांसद और मोदी सरकार में भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में एक ओवरब्रिज का भी लोकार्पण करना था। लेकिन वह नहीं पहुंच सके। माना जा रहा है कि संक्रमण के कारण ही उन्होंने कार्यक्रम से दूरी बना ली। उनकी जगह चंदौली के विधायकों ने मिलकर ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। 64 वर्षीय डा. महेंद्र नाथ पांडेय को पिछले तीन दिन से बुखार, सर्दी, खांसी, गला खराब और सीने में दर्द की शिकायत थी। उन्हें अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया और जांच की गई। कोविड-19 के लिए रैपिड एंटीजन टेस्ट कराया, उसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। गाजियाबाद में 24 घंटे में 93 नए मामले सामने आए। इससे सक्रिय केसों की संख्या 280 हो गई है। गौतमबुद्ध नगर में सबसे ज्यादा 117 नए मामले सामने आए। सक्रिय मामलों की संख्या यहां 355 हो गई है। नए साल के जश्न और कोविड नियमों की अनदेखी की वजह से देश में कई जगह कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी देखने को मिली है। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में सूबे की राजधानी जहां 80 कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है, वहीं 7 मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है। इसी के साथ वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या 278 पहुंच गयी है। इस दौरान बीते 24 घंटे में किसी की भी कोरोना से मृत्यु नहीं हुई है। इससे पहले नोएडा में अप्रैल-मई के महीने में 100 से ज्यादा मरीज सामने आए थे। 11 जून को 75 केस दर्ज किए गए थे, जिसके बाद से यह संख्या और कम होती गई थी। अब फिर नोएडा में कोरोना की रफ्तार डराने लगी है। यहां कुल ऐक्टिव केस 335 हो गए हैं और नोएडा कोरोना के मामलों में प्रदेश में टॉप पर पहुंच गया है।

# दिल्ली में लॉकडाउन की संभावनाएं बढ़ीं, आज 4100 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 11000 के करीब, संक्रमण दर 6: के पार

राजधानी दिल्ली में कोरोना महामारी बेकाबू होने से लोगों में दहशत का माहौल है। सोमवार को इस साल पहली बार कोरोना के 4000 से अधिक नए केस मिलने के बाद यहां संक्रमित मरीजों का कुल आंकड़ा बढ़कर 14.58 लाख के पार पहुंच गया है। इसके साथ ही अब एक बार फिर पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 6.46 फीसदी हो गया है। कोरोना संक्रमण से आज 1 और मरीज की मौत हो गई। संक्रमण दर बढ़ने के बाद दिल्ली में लॉकडाउन लगने की संभावनाएं जोर पकड़ने लगी हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में जहां कोरोना के 4,099 नए मरीज मिले हैं, वहीं 1 और मरीज की मौत के बाद मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 25,100 पर पहुंच गया है। रविवार को 3,194 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। बुलेटिन के अनुसार, आज 1509 मरीज पूरी तरह ठीक होकर कोरोना मुक्त हो गए, जबकि रविवार को यह संख्या 1156 थी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दिल्ली में अब तक संक्रमितों की कुल संख्या 14,58,220 हो गई है और 6,288 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। राजधानी में आज कोरोना के एक्टिव केस भी बढ़कर 10,986 हो गए हैं। वहीं, अब तक कुल 14,22,124 मरीज इस महामारी को मात देकर कोरोना मुक्त हो चुके हैं। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, आज दिल्ली में कुल 63,477 टेस्ट किए गए हैं। इनमें से 57,813 आरटीपीआर/सीबीएनएएटी / ट्रूनैट टेस्ट और 5,664 रैपिड एंटीजन टेस्ट शामिल थे। दिल्ली में अब तक कुल 32,93,2684 जांचें हुई हैं और प्रति 10 लाख लोगों पर 17,33,299 टेस्ट किए गए हैं। इसके साथ ही आज दिल्ली में कंटेनमेंट जोन की संख्या भी बढ़कर 2008 पर पहुंच गई है।



### जीनोम सिक्वेंसिंग की नई रिपोर्ट में 84 प्रतिशत नमूनों में ओमिक्रॉन की पुष्टि रू जैन

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने सोमवार को कहा कि राजधानी दिल्ली में हाल ही में जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे गए नमूनों में से 84 प्रतिशत में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि शहर में हालांकि दैनिक मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है क्योंकि ज्यादा लोगों में गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे या उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत नहीं पड़ रही है। जैन ने बताया कि कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि एक सप्ताह में मामले काफी बढ़ेंगे, लेकिन यह एक अनुमान है। जैन ने दिल्ली विधानसभा में कहा कि तीन प्रयोगशालाओं से मिली 30-31 दिसंबर की जीनोम सिक्वेंसिंग रिपोर्ट के अनुसार, 84 प्रतिशत नमूनों में ओमिक्रॉन की पुष्टि हुई है। अधिकतर मामले ओमिक्रॉन के ही थे। ये तीन प्रयोगशालाएं यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र हैं।

# चीन ने अरुणाचल के इलाके का बदला नाम, अखिलेश बोले- योगी से ही सीखा

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश स्थित सेला पास का नाम बदलकर इसे लाइ किए जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि चीन ने योगी आदित्याथ से ही नाम बदलना सीखा है। अखिलेश का इशारा सीएम योगी की ओर से फैजाबाद, इलाहाबाद सहित कई शहरों और स्थानों के नाम बदले जाने को लेकर था। अखिलेश यादव ने कहा, इइहमारा पड़ोसी देश है वह हमारे मुख्यमंत्री से कुछ सीख गया है। गांव का नाम बदल दिया है। यह काम तो हमारे मुख्यमंत्री करते थे, नाम बदलने का, लेकिन चीन भी इनसे सीख गया।इइ अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर झूठे



विज्ञापन का आरोप लगाते हुए कहा कि जब इन्हें (योगी सरकार) फ्लाईओवर दिखाना था तो कोलकाता का फ्लाईओवर दिखा दिया। जब इन्हें कारखाना दिखाना था तो अमेरिका का दिखा दिया। जब इन्हें एयरपोर्ट दिखाना था तब चीन का एयरपोर्ट दिखा दिया।

### पार्टी जहां से कहेगी, लड़ूंगा चुनावरू अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार कहा कि वह यूपी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, इइजहां से हमारी पार्टी कहेगी हम वहां से चुनाव लड़ेंगे। याद कीजिये, नेताजी ना जाने कितने क्षेत्रों से चुनाव लड़े। समाजवादी पार्टी जहां से कह दे कि मैं वहां से चुनाव लड़ लूंगा।इइ

### इत्र कारोबारियों पर छापेमारी, अल्पसंख्यक वर्ग पर हमला

अखिलेश यादव ने कानपुर और कन्नौज में इत्र कारोबारियों पर हुई छापेमारी को अल्पसंख्यक समुदाय पर हमला बताया। अखिलेश ने कहा, इइजैन समाज अल्पसंख्यक है। इत्र कारोबार से बड़े स्तर पर जैन समाज के लोग जुड़े हैं। इसीलिए उन पर हमला हुआ।इइ कानपुर और कन्नौज में इत्र कारोबारियों पीयूष जैन और पुष्पराज जैन पर छापेमारी की गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

## गांव में मार्ग पर भरा पानी राहगीरों को हो रही परेशानी



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- विकास क्षेत्र जमुनहा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनवरिया दीवान के मजरा दम्बारा गांव मे थोड़े से ही बरसात मे पूरे मार्ग पर पानी भर जाता है। इस गांव से होकर मनवरिया दीवान ,मनोवरिया भोजा, सहित दर्जनों गांवों को जाने वाले राहगीरों को आने-जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन काफी शिकायतों के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों की नजर इस गांव की ओर नही जा रही है। जिससे ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है। गांव के बीच में पीडब्ल्यूडी रोड पर जलभराव है यदि पटरी के किनारे नाली बना दिया जाए तो पानी निकास हो जाने से सड़क पर जलभराव नहीं होगा गांव के ही कुछ लोग नाली का गंदा पानी सड़क पर गिरा रहे हैं जिस पर अन्य ग्रामीणों ने जिलाधिकारी श्रावस्ती से कार्रवाई की मांग किया है

## भाजपा श्रावस्ती इकाई द्वारा किया गया अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई द्वारा जिले की भिनगा विधानसभा के मल्हीपुर के गौरव पब्लिक स्कूल में अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवेश आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में जनपद बहराइच के बलहा विधानसभा की विधायक सरोज सोनकर रही तथा विशेष अतिथियों में जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा उपस्थित रहे। रविवार। भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती इकाई द्वारा अनुसूचित जाति सम्मेलन का आयोजन गौरव पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अंत्योदय के प्रणेता प० दीन दयाल उपाध्याय तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। अनुसूचित जाति सम्मेलन में जिले से भारी संख्या में आये जन मानस को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी की चाहे केंद्र की मोदी सरकार हो चाहे प्रदेश की योगी सरकार हो दोनों ही सरकारें ने शोषित वंचित अनुसूचित समाज के समग्र विकास और उत्थान के लिए कार्य कर रही है। देश की पूर्ववर्ती सरकारों सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करते सिर्फ विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाया लेकिन अनुसूचित जाति समाज के लोगों को मुख्यधारा में ना लाकर सिर्फ उनका वोट लेने कार्य किया। लेकिन प्रधानमंत्री जी ने कश्मीर से धारा 370 खत्म करके वर्षो से मैला ढोने वाले अनुसूचित समाज के परिवारों को अन्य विभागों में भी सरकारी करने का अवसर प्रदान किया। महाकुम्भ में देश के प्रधानमंत्री ने कुम्भ की व्यवस्थाओं में लगे सफाईकर्मियों के जब पाव पखारे टैब अनुसूचित समाज जान गया कि अब देश मे ऐसा प्रधानमंत्री आया है जो इस शोषित वंचित समाज के लिए कार्य करेगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने ही देश के सर्वोच्च पद पर राष्ट्रपति के लिए महामहिम राम नाथ कोविंद जी को बनाकर अनुसूचित जाति समाज को सबसे बड़ा सम्मान दिया। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कहाकि पूर्वर्ती सरकारों ने अनुसूचित समाज के हितैषी होने का ढोंग तो बहुत किया लेकिन भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण से लिप्त किसी भी सरकार ने इस समाज का कोई कल्याण नही किया सिर्फ भाजपा सरकार ने ही अनुसूचित समाज को सच्चा सम्मान और उसके अधिकार देने का कार्य किया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवेश आर्य ने कहाकि भाजपा ने उज्ज्वला योजना, शौचालय, गरीब बेटियों का विवाह, आवास योजना, जनधन खाता सहित कई सरकारी का सीधा लाभ अनुसूचित समाज के लोगों को मिल रहा है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार में अनुसूचित समाज का शोषण खत्म हुआ और वास्तविक विकास शुरू हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जब से उत्तरप्रदेश की सरकार बनी है निरंतर शोषित और वंचित समाज के लिए कार्य कर रहे है। एक तरफ प्रधानमंत्री जी ने अनुसूचित समाज के आदर्श डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन से जुड़े पांच स्थानों को पंचतीर्थ घोषित कर अनुसूचित समाज का सम्मान बढ़ाया वही दूसरी तरफ उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने अनुसूचित समाज को हर क्षेत्र में बराबर की भागीदारी देते हुए साथ ही समाजवादी सरकार में अनुसूचित समाज के बच्चों की छात्रवृत्ति पर लगायी गयी रोक को हटाते हुए गरीब और अनुसूचित समाज के बच्चों को छात्रवृति देने का कार्य किया। समाजवादी सरकार में गरीब और अनुसूचित समाज की जिन जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्ज़ा किया गया था योगी सरकार द्वारा उन ज़मीनों से अवैध कब्जा हटाया गया और गरीब की ज़मीन कब्जाने वालों के घरों पर बुलडोज़र चलाया तथा अवैध सम्पत्तियों को खाली कराकर उस पर शोषित वंचितों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है। इस दौरान आरती सोनकर, मंशाराम आर्य, मनोज पासवान, मनोज आर्य, संजय कैराती पटेल, शंकर दयाल पाण्डेय, पुरूषोत्तम गुप्ता, मिश्रीलाल वर्मा, माधव राम वर्मा सहित जिला पदाधिकारी तथा भारी संख्या में अनुसूचित समाज के लोग उपस्थित रहे।


## ब्लाक अमरिया मे चाइल्डलाइन सब सेंटर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया



सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

पीलीभीत- विकास खंड अमरिया में चाइल्डलाइन सब सेंटर द्वारा अमरिया ब्लॉक- सभागार में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चाइल्डलाइन सब सेंटर अमरिया ब्लॉक कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि चाइल्ड लाइन 1098 महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की एक परियोजना है । जो पहल ग्रामीण सेवा समिति सैदपुर पीलीभीत द्वारा 2015-16 से विकासखंड अमरिया में संचालित है। परियोजना केअंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों की मदद की जा रही है। चाइल्ड लाइन 1098 हेल्पलाइन नंबर है जोकि 24 ' 7 घंटे चलने वाली निशुल्क आपातकालीन फोन सेवा है। यदि आप कहीं भी किसी बेबस, बेसहारा, मुसीबत में फंसे बच्चे या गुमशुदा बच्चे को देखें तो तुरंत चाइल्ड लाइन 1098 पर कॉल कर बच्चे की मदद करें। बाल विवाह जैसी कुप्रथा व बाल श्रम जैसी घटनाओं को रोकने के लिए भी आप चाइल्ड लाइन 1098 पर कॉल कर सकते हैं। चाइल्डलाइन कॉल करने वाले व्यक्ति की गोपीनीयता बनाएं रखती है। बैठक में आंगनवाड़ी मुख्य सेविका मूर्ति देवी व चाइल्डलाइन टीम लीडर- ज्ञान स्वरूप , टीम मेंबर - सौरभ मौर्य, विश्वनाथ का सहयोग रहा

## मुंबई से गोवा पहुंचे कॉर्डेलिया क्रूज पर कोरोना का विस्फोट, 2000 यात्रियों में से 66 पॉजिटिव




आर्यन खान ड्रग्स मामले के बाद कॉर्डेलिया क्रूज एक बार फिर चर्चा में है। हालांकि, इस बार मामला कोरोना वायरस से जुड़ा हुआ है। मुंबई से गोवा के लिए रवाना हुए इस क्रूज में कोरोना का विस्फोट हो गया है। सबसे पहले क्रूज का चालक दल का एक सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। फिलहाल क्रूज पर सवार करीब 2000 यात्रियों में से कुल 66 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने सोमवार को कहा कि चालक दल के सदस्य की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर अब सभी यात्रियों की टेस्टिंग की गई है। जिसमें 66 यात्रियों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। ये यात्री मुंबई से गोवा के लिए रवाना हुए थे। मुंबई से गोवा पहुंचे जहाज को रविवार को समुद्र में ही रोक दिया गया था। बाद मे सभी यात्रियों का टेस्ट कराए जाने की शर्त पर इसको जाने दिया गया। गोवा के स्वास्थ्य मंत्री राणे ने कहा कि कॉर्डेलिया क्रूज जहाज से परीक्षण किए गए 2000 नमूनों में से, 66 यात्रियों की रिपोर्ट को कोरोना पॉजिटिव आई है। इस संबंध में कलेक्टरों और एमपीटी (मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट) के कर्मचारियों को सूचना दे दी गई है। आगे के लिए सरकार उचित कदम उठाएगी। उन यात्रियों को क्रूज से उतरने के लिए सरकार के आगे के निर्देशों का इंतजार करना होगा जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। सोमवार को राज्य में कोरोना वायरस के खतरनाक वैरिएंट ओमिक्रॉन के चार और मामले सामने आए हैं। इन चारों में से, किसी का भी कोई पूर्व यात्रा इतिहास नहीं है। ऐसे में अधिकारियों के लिए यह चिंता विषय बन गया है और कयास लगाया जा रहा है कि राज्य में ओमिक्रॉन वैरिएंट का प्रसार शुरू हो गया है। ओमिक्रॉन के बढ़ते मामले को देखते हुए उम्मीद है कि गोवा सरकार कुछ कड़े कदम भी उठा सकता है।